हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शनिवार 6 जून 2026

तापमान

अधिकतम 43 .6 डिग्री
न्यूनतम 20 .5 डिग्री

12 योग दिवस से पहले राजीव गांधी खेल परिसर..



11 मानसून के दौरान एक लाख पौधे लगाने का..



**शहर में आज**

- धींगड़ा कम्यूनिटी सेंटर में शाम 4 बजे भागवद गीता
- वैदिक भक्ति आश्रम में सुबह 10 बजे वीरांगनाओं के लिए शिविर
- निगम कमिश्नर नरेंद्र कुमार की सुबह 11 बजे अधिकारियों के साथ बैठक
- रोडवेज कर्मचारियों की कर्मचारी भवन में सुबह 11 बजे बैठक

**बिजली कट**

- सुबह 8:30 से 10:30 बजे

सेक्टर-1, सेक्टर-2, तिलक नगर, शीलाबाइपास, वाटर वर्क्स, तिलयार फीडर, सेक्टर-2 मार्केट, सेक्टर-2-3 मार्केट, माइक्रोन इंडस्ट्री

**खबर संक्षेप**

### प्लॉट से लाखों का सरिया चोरी

**रोहतक।** आईएमटी थाना क्षेत्र में चोरों ने एक प्लॉट को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये मूल्य की टीएमटी स्टील सरिया चोरी कर ली। घटना का पता चलने पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-30 आईएमटी निवासी श्याम सुंदर सचदेवा ने शिकायत में बताया कि 3 जून की रात करीब 3:20 बजे उनके प्लॉट से अज्ञात चोर टीएमटी सरिया चोरी कर ले गए। सुबह सूचना मिलने पर मौके पर जांच की गई, जहां बड़ी मात्रा में सरिया गायब मिला। चोरी गई सरिया की कीमत लाखों रुपये बताई गई है।

### अवैध देशी पिस्तौल के साथ युवक गिरफ्तार

**रोहतक।** पीजीआई थाना पुलिस ने अवैध हथियार रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से देशी पिस्तौल बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपी की पहचान मेडिकल कैंपस निवासी निखिल उर्फ निक्कू पुत्र प्रमोद के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी पिस्तौल बरामद हुई। आरोपी कोई वैध लाइसेंस या दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।

### इंग्लैंड गए परिवार के मकान से लाखों की चोरी

**रोहतक।** सेक्टर-14 स्थित एक बंद मकान में चोरों ने धावा बोलकर लाखों रुपये के कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। अर्बन एस्टेट थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत के अनुसार सेक्टर-2 निवासी डॉ. रितिका डबास ने बताया कि उनके माता-पिता मकान नंबर 565 में रहते थे और 29 मई 2026 को अपने बेटे से मिलने इंग्लैंड गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने मकान के ताले तोड़कर वारदात को अंजाम दिया। चोर घर से दो मोबाइल फोन, क्रेटा कार की चाबी, चांदी के सिक्के, चार घड़ियां, 15 हजार रुपये नकद, बैंक लॉकर की चाबी सहित अन्य सामान चोरी कर ले गए।

### युवक पर फायरिंग मामले एक आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** कलानौर में मोबाइल रिपेयरिंग को लेकर हुए विवाद के बाद युवक पर फायरिंग करने के मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान नितीश पुत्र तेजसिंह निवासी बौंदकलां के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश कर चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है।

## शहर को स्वच्छ, सुंदर और कचरा मुक्त बनाने के लिए नगर निगम ने शुरू किया अभियान

# कर्मचारियों से उठा भरोसा, शहर की दशा सुधारने खुद कमिश्नर फील्ड में

### एक ही दिन में दिखा बदलाव, सफाई अभियान से चमके वार्ड 8 और 14

### दो दिन में चार कूड़ा प्वाइंट हटाए, खाली स्थानों पर लगवाई बैंच

*गंदगी फैलाने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई, अब कैमरों से होगी निगरानी*

*वार्ड पार्षदों और नागरिकों के सहयोग से अभियान को मिलेगा जनआंदोलन का रूप*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शहर को स्वच्छ, सुंदर और कचरा मुक्त बनाने की दिशा में नगर निगम ने व्यापक अभियान शुरू कर दिया है। नगर निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में अब शहर के सभी वार्डों में विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। अभियान के तहत मुख्य मार्गों, बाजारों, कॉलोनियों, खाली प्लॉटों और सार्वजनिक स्थलों पर बड़े स्तर पर सफाई कार्य करवाए जाएंगे। साथ ही शहर में बने कूड़ा प्वाइंटों को भी चरणबद्ध तरीके से खत्म किया जाएगा। शुक्रवार को निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान वार्ड नंबर 8 की पार्षद अंजू सैनी भी मौजूद रहीं। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि सफाई व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



**रोहतक।** बापू पार्क के पास जहां से कूड़ा उठवाया वहां पर अस्स्थाई बैंच लगवाए गए।



छोटूराम चौक पर निरीक्षण करते निगम कमिश्नर नरेंद्र कुमार व संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी। फोटो: हरिभूमि

### खाली प्लॉटों, सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर अतिरिक्त संसाधन से सफाई करवाई

निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने कहा कि स्वच्छता नगर निगम की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है और अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्रवार निगरानी करेंगे। नगर निगम द्वारा पिछले दो दिनों से वार्ड नंबर 8 और 14 में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान खाली प्लॉटों, मुख्य सड़कों और सार्वजनिक स्थलों पर अतिरिक्त संसाधन लगाकर सफाई करवाई गई। इसके साथ ही शहर में बने कई कूड़ा प्वाइंटों को समाप्त करने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। निगम अधिकारियों के अनुसार पिछले दो दिनों में चार कूड़ा प्वाइंट हटाए जा चुके हैं, जिनका निरीक्षण स्वयं निगम आयुक्त ने किया।

### जहां से कूड़ा प्वाइंट हटाए गए, वहां पेंटिंग और सौंदर्यीकरण की योजना भी तैयार

जिन स्थानों से कूड़ा प्वाइंट हटाए गए हैं, वहां लोगों को दोबारा कूड़ा डालने से रोकने के लिए अस्थायी बैंच लगवाई गई हैं। इसके अलावा इन स्थलों को आकर्षक बनाने के लिए पेंटिंग और सौंदर्यीकरण की योजना भी तैयार की जा रही है, ताकि लोग वहां गंदगी फैलाने से बचें। केवल सफाई अभियान चलाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि लोगों की मानसिकता बदलना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जहां आवश्यकता होगी वहां निगरानी के लिए कैमरे लगाए जाएंगे और गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे नगर निगम का सहयोग करें और अपने आसपास सफाई बनाए रखने में सक्रिय भूमिका निभाएं।

### स्वच्छ एवं सुंदर रोहतक का सपना तभी पूरा होगा जब निगम व जनता में सहयोग होगा

निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार ने कहा कि स्वच्छ एवं सुंदर रोहतक का सपना तभी पूरा होगा जब नगर निगम और आम नागरिक मिलकर काम करेंगे। इसी उद्देश्य से निगम द्वारा वार्ड पार्षदों और स्थानीय लोगों की भागीदारी के साथ इस अभियान को जन आंदोलन का रूप देने की तैयारी की जा रही है। निरीक्षण के दौरान संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी, कार्यकारी अभियंता मंजीत दहिया, सहायक अभियंता सत्यव्रत, मुख्य सफाई निरीक्षक सुधीर कुमार, कनिष्ठ अभियंता सूर्या धनखड़, सहायक सफाई निरीक्षक कृष्ण लाल, संदीप राठी और प्रदीप कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# कैंसर ने किया मानसिक रूप से परेशान तो युवक ने नहर में कूदकर दे दी जान

### लगातार उपचार और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से तनाव में था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

कैंसर से पीड़ित एक युवक ने मानसिक रूप से परेशान होकर नहर में कूदकर जान दे दी। बताया जा रहा है कि 30 वर्षीय राहुल लगातार उपचार और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं से परेशान हो गया था। इसलिए उसने यह कदम उठाया। राहुल शुक्रवार को शिवाजी कॉलोनी के पास स्थित जेएलएन नहर में कूद गया। डूबने से से उसकी मौत हो गई। वह जनता कॉलोनी का रहने वाला था। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी फैल गई और परिजनों में मातम छा गया।

#### राहुल का पीजीआई में चल रहा था उपचार

परिजनों ने बताया कि राहुल का पीजीआई में कैंसर का उपचार चल रहा था। बीमारी के कारण वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। लगातार उपचार और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं ने उसे गहरे तनाव में डाल दिया था। बताया जा रहा है कि राहुल सुबह घर से निकला था। कुछ देर बाद सूचना मिली कि उसने शिवाजी कॉलोनी के पास जेएलएन नहर में छलांग लगा दी है। लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस और राहत दल मौके पर पहुंचे तथा युवक की तलाश शुरू की गई। बाद में उसका शव बरामद कर लिया गया।

#### परिवार में छाया मातम

घटना की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। अपने बेटे को खोने के गम में परिवार का रो-रोकर बुरा हाल था। आसपास के लोगों ने भी इस घटना पर दुख व्यक्त किया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### ईवी डीलरशिप के नाम पर 5 लाख की ठगी

**रोहतक।** इलेक्ट्रिक वाहन कंपनी की फ्रेंचाइजी दिलाने का झांसा देकर एक व्यक्ति से पांच लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सेक्टर-1 निवासी अमित गुप्ता ने बताया कि गूगल पर टाटा ईवी डीलरशिप संबंधी जानकारी खोजी थी। इस दौरान एक वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन करने के बाद उन्हें ई-मेल के माध्यम से प्रस्ताव पत्र और लॉगिन आईडी भेजी गई। खुद को कंपनी प्रतिनिधि बताने वाले व्यक्ति ने फ्रेंचाइजी प्रक्रिया आगे बढ़ाने के लिए पांच लाख रुपये फीस जमा करवाने को कहा। खाते में रकम ट्रांसफर कर दी और जरूरी दस्तावेज भी अपलोड कर दिए। बाद में आरोपियों ने तीन लाख रुपये और मांगे, जिससे उन्हें संदेह हुआ। पैसे वापस मांगने पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

**चुलियाना मोड़ पर रफ्तार का कहर**

# दो कारों की टक्कर में युवक की मौत

*दुर्घटना के बाद वाहनों के उड़े परखच्चे, मौके पर मची अफरा-तफरी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

शुक्रवार को चुलियाना मोड़ पर हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। तेज रफ्तार और जोरदार टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को भी भारी नुकसान पहुंचा। मृतक की पहचान महम निवासी सोनू के रूप में हुई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार शुक्रवार दोपहर चुलियाना मोड़ के पास दो कारें आमने-सामने की भिड़ंत का शिकार हो गईं। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों के अगले हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और राहगीरों की भीड़ जुट गई। लोगों ने तुरंत घायल व्यक्तियों को संभालने का प्रयास किया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

#### दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात सुचारू कराया गया

सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति का जायजा लिया। जांच के दौरान पता चला कि हादसे में महम निवासी सोनू की मौके पर ही मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटाकर यातायात को सुचारू कराया गया।

#### जांच में तेज रफ्तार की आशंका जताई

हादसे के कारण कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात भी प्रभावित रहा। पुलिस ने मौके पर मौजूद लोगों से घटना के संबंध में जानकारी जुटाई और दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और लापरवाही की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

#### परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल

मृतक सोनू की मौत की खबर मिलते ही उसके परिवार में मातम छा गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। हादसे की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में रिश्तेदार और परिचित भी अस्पताल तथा घटनास्थल पर पहुंच गए। जांच अधिकारी ने बताया कि सड़क दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

### पीजीआईएमएस में बीडीएस परीक्षा मूल्यांकन में गड़बड़ी पर यूएचएस सख्त

# दो परीक्षकों को कारण बताओ नोटिस थमाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय (यूएचएस) के कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने बीडीएस अंतिम वर्ष की परीक्षा के मूल्यांकन में पाई गई अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए डेंटल कॉलेज के ओरल सर्जरी विभाग के दो परीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। दोनों से सात दिन के भीतर जवाब मांगा गया है।मामला तब सामने आया जब बीडीएस अंतिम वर्ष के मैक्सिलोफेशियल सर्जरी विषय के विद्यार्थियों ने कुलपति को शिकायत देकर उत्तर पुस्तिकाओं के उचित मूल्यांकन न होने और अपेक्षा से कम अंक दिए जाने का आरोप लगाया। विद्यार्थियों ने निष्पक्ष जांच की मांग की थी।कुलपति ने शिकायत पर तुरंत संज्ञान लेते हुए परीक्षा नियंत्रक को जांच के निर्देश दिए। प्रारंभिक जांच में संबंधित परीक्षकों द्वारा जांची गई उत्तर पुस्तिकाओं में कई कमियां पाई गईं। इसके बाद सभी संबंधित उत्तर पुस्तिकाओं की दोबारा जांच दूसरे सरकारी डेंटल कॉलेज की वरिष्ठ फैकल्टी से कराने के आदेश दिए गए। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि दोषी पाए जाने पर संबंधित परीक्षकों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

#### 84 उत्तर पुस्तिकाओं की पुनर्जांच के बाद परिणाम जारी

रिव्यू प्रक्रिया के तहत 84 उत्तर पुस्तिकाओं की दोबारा जांच की गई। मूल्यांकन में त्रुटियां मिलने पर विद्यार्थियों को औसत अंक देकर संशोधित परीक्षा परिणाम जारी किया गया। इससे प्रभावित छात्रों को राहत मिली और विश्वविद्यालय प्रशासन पर उनका भरोसा बढ़ा।

#### छात्रों के भविष्य के साथ नहीं होगा खिलवाड़: वीसी

कुलपति डॉ. एचके अग्रवाल ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के भविष्य के साथ किसी भी प्रकार की लापरवाही या अन्याय को सहन नहीं करेगा। विश्वविद्यालय की पहली प्राथमिकता विद्यार्थियों को पारदर्शी, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है। परीक्षा मूल्यांकन प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी है और यदि किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता सामने आती है तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**वर्ल्ड बॉक्सिंग रैंकिंग** — टॉप-25 में रोहतक की तीन महिला बॉक्सर शामिल

# मीनाक्षी ने बॉक्सिंग ग्लब्ज पहने तो मिले ताने, आज दुनिया की नंबर 1 मुक्केबाज

### प्रवीन हुड्डा 13वें और संजू 21वें स्थान पर काबिज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

वर्ल्ड बॉक्सिंग ने वैश्विक रैंक जारी कर दी। इसमें टॉप 25 में रोहतक की 3 महिला बॉक्सर शामिल हैं। रूड़की की मीनाक्षी 48 किलोग्राम भारवर्ग में दुनिया की नंबर वन बॉक्सर बनी हैं। 60 किलोग्राम में प्रवीन हुड्डा 13वें और महम की संजू 21वें स्थान पर हैं। कोच विजय हुड्डा, दीपक छिक्कारा और विनोद ने तीनों मुक्केबाजों को बधाई दी। बता दें कि साल 2013 में जब मीनाक्षी ने बॉक्सिंग के ग्लब्ज पहने, तो लोगों ने उनके परिवार पर तानों की बौछार कर दी। लड़की होकर बॉक्सिंग खेलेगी, चोट लग जाएगी, शादी कौन करेगा जैसे ताने उनके कानों में गूंजते रहे। यहां तक कि परिवार वाले भी थोड़ा डरते थे कि लड़कियों के लिए बाहर माहौल भी अच्छा नहीं है, लेकिन मीनाक्षी के हौसले बुलंद थे। परिवार वालों ने बोला कि तू खेल किसी को कुछ भी कहने दे, हमें कोई दिक्कत नहीं है। मेडल आने लग तो लोगों ने ताने मारने भी छोड़ दिए।







**अलग खबर**

#### ऑटो चलाते हैं पिता कृष्ण

मीनाक्षी ने बताया कि उनके पिता कृष्ण ऑटो चलाते हैं। मां सुनीता गृहिणी और वे चार भाई बहनें हैं। भाई रोहित पढ़ता है। दो बहनों की शादी हो चुकी है। शुरू से घर की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी। वर्ष 2013 में बॉक्सिंग खेलना शुरू किया। गांव के लड़के-लड़कियां बॉक्सिंग खेलती थीं। उनको देखकर प्रेरणा मिली और खेलना शुरू किया। कोच विजय हुड्डा ने खेलने में मदद की। कोच ने ही खेलने का सामान खरीदने में मदद की और परिवार वालों को भी समझाया। मीनाक्षी शहीद बैतून सिंह स्टेडियम में अभ्यास करती हैं।

#### 13वीं रैंक पर है प्रवीन हुड्डा

रूड़की गांव की ही प्रवीन हुड्डा वर्ल्ड में 13वें स्थान पर हैं। साल 2019 में नेपाल में आयोजित हुए साउथ एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीता। हिसार में हुई 2021 की सीनियर नेशनल चैंपियनशिप में इन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। साल 2022 तुर्की में खेली गई विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता। 2023 में एशियन गेम्स में कांस्य पदक जीता।

#### वर्ल्ड में 21 वीं रैंक पर है संजू

महम की संजू की वर्ल्ड में रैंक 21 है। संजू ने बताया कि 2016 में खेलना शुरू किया। उन्होंने मुझे शुरू से ही कोई खेल खेलना था इसलिए दौड़ लगाती थी। ओलंपिक में बॉक्सर मेरी कॉम के पदक जीतने के बाद मुझे भी प्रेरणा मिली। कोच विनोद से मुक्केबाजी के गुर सीखे। 2017 में नेशनल चैंपियनशिप में स्वर्ण, 2022 ऑल इंडिया पुलिस गेम्स में रजत, 2023 नेशनल गेम्स में कांस्य, 2024 में आरईसी गेम्स में स्वर्ण 2025 में ओपन इंटरनेशनल प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता। पिता जयभगवान किसान हैं, मां मूर्ति देवी व चार भाई-बहन हैं। वर्तमान में असम राइफल्स में कॉन्स्टेबल के पद पर कार्यरत हूं।

#### मीनाक्षी की उपलब्धियां

- वर्ष 2017 में जूनियर नेशनल प्रतियोगिता जीती।
- 2019 में यूथ नेशनल में पहला स्थान प्राप्त किया।
- 2021 में नेशनल प्रतियोगिता में रजत पदक जीता।
- 2022 में एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक जीता।
- 2024 में ब्रिक्स गेम्स व एलोर्डा कप में स्वर्ण पदक जीता।
- 2025 में वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप और वर्ल्ड कप में स्वर्ण पदक जीता।

### 16.40 लाख की साइबर ठगी में चार और आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** घर बैठे कमाई का झांसा देकर 16.40 लाख रुपये की साइबर ठगी करने वाले गिरोह के चार और सदस्यों को साइबर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों को अदालत में पेश किया गया, जहां से मामले की गहन जांच जारी है। गांव खिड़वाली निवासी अमित की शिकायत पर साइबर थाना रोहतक में मामला दर्ज किया गया था। शिकायत में बताया गया कि उसे टेलीग्राम पर घर बैठे काम कर कमाई का ऑफर दिया गया था, जिसमें प्रोडक्ट प्रमोशन और फीडबैक देने के बदले कमीशन का लालच दिया गया।शुरुआत में 700 रुपये भेजकर भरोसा दिलाया गया, जिसके बाद प्रीपेड टास्क के नाम पर अलग-अलग ट्रांजैक्शन के जरिए उससे कुल 16,40,724 रुपये ठग लिए गए।मामले की जांच में पुलिस ने 4 जून 2026 को गिरोह के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनकी पहचान भिवानी निवासी राजसूर्या, साहिल, राहुल और अजय के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार मामले में पहले भी चार आरोपी गिरफ्तार किए जा चुके हैं और पूरे साइबर नेटवर्क की जांच जारी है।

## खबर संक्षेप



### विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ किया जागरूक

**रोहतक।** पुलिस की नशा मुक्ति टीम ने शुक्रवार को सांपला स्थित एक लाइब्रेरी में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम का आयोजन उपनिरीक्षक अमर सिंह के नेतृत्व में किया गया। नशा मुक्ति टीम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को नशीली दवाओं और अन्य मादक पदार्थों की लत से बचाना समाज और पुलिस की साझा जिम्मेदारी है। टीम ने युवाओं से अपील की गई कि वे नशे से दूर रहकर अपने करियर और भविष्य पर ध्यान केंद्रित करें।



### पेंशनर्स के लिए कैशलेस मेडिकल सुविधा लागू हो

**रोहतक।** हरियाणा स्टेट पेंशनर समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक शुक्रवार को मानसरोवर पार्क सीनियर सिटीजन क्लब, रोहतक में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की सदस्यता बढ़ाने, वेलिडेशन एक्ट तथा पेंशनरों की लंबित मांगों को लेकर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता देबी सिंह देशवाल ने की, जबकि मंच संचालन शमशेर सिंह सिवाच ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए हरियाणा स्टेट पेंशनर समाज के राज्य प्रधान वीरेंद्र शर्मा और चेयरमैन मेहर सिंह नैन ने कहा कि संगठन पेंशनरों के हितों की रक्षा और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए लगातार संघर्ष करता रहेगा।



### लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर दी ट्रेनिंग

**महम।** आर्य वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मदीना में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से लैंगिक संवेदनशीलता विषय पर एक दिवसीय टीचर ट्रेनिंग सत्र का आयोजन किया गया। ट्रेनिंग सेशन का संचालन होली फैमिली कान्वेंट स्कूल गोहाना से रिसोर्स पर्सन मुकेश रानी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया। अपने व्याख्यान में मुकेश रानी ने समाज, परिवार और विद्यालय में स्त्री-पुरुष तथा लड़के-लड़कियों के बीच काम और सामाजिक व्यवहार को लेकर होने वाली लैंगिक विषमता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि यदि बचपन से ही परिवार में दोनों के साथ समान व्यवहार किया जाए।

### राज्यस्तरीय रग्बी स्पर्धा के चयन ट्रायल कल

**रोहतक।** भारतीय रग्बी फुटबॉल यूनियन के तत्वावधान में हरियाणा की अंडर-18 बालक एवं बालिका रग्बी टीमों के गठन के लिए 7 जून को राज्य स्तरीय चयन ट्रायल आयोजित किया जाएगा। फरीदाबाद खेल मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि यह ट्रायल पानीपत के सिवाह स्थित फुटबॉल मैदान में होगा। यहां चुने गए खिलाड़ी जुलाई में हैदराबाद (तेलंगाना) की वॉक्सेन यूनिवर्सिटी में होने वाली जूनियर नेशनल रग्बी चैंपियनशिप में हरियाणा का प्रतिनिधित्व करेंगे। ट्रायल के संयोजक अमन मलिक ने बताया कि इसमें वर्ष 2008 और 2009 में जन्मे खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। 2010 वाले खिलाड़ियों को विशेष अनुमति पर मौका मिल सकता है, जबकि 2011 या उसके बाद के खिलाड़ी पात्र नहीं होंगे। खिलाड़ियों को सुबह 8:30 से 9:30 बजे के बीच रिपोर्ट करना होगा।

## पाइप लाइन फूटी, चैनल फिर ओवरफ्लो, जल संरक्षण के दावों पर सवाल

# 27 करोड़ की नई जल परियोजना के दावे रोज सड़कों पर बह रहा लाखों लीटर पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक






एक तरफ जिला प्रशासन रोहतक की जल सुरक्षा मजबूत करने के लिए 27 करोड़ रुपये की नई पेयजल परियोजना का दावा कर रहा है, वहीं दूसरी तरफ जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की लापरवाही से हर रोज लाखों लीटर पानी सड़कों और चैनल में बर्बाद हो रहा है। शुक्रवार को सेक्टर-1 तथा सेक्टर-2-3 डिवाइडिंग रोड के साथ पेयजल आपूर्ति की पाइप लाइन में तकनीकी खराबी आने से हजारों लीटर पानी बह गया। इससे न केवल पानी की बर्बादी हुई बल्कि विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े हो गए। हैरानी की बात यह है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। सोनीपत रोड स्थित जेएलएन फीडर और भालौठ सब ब्रांच से जलघर नंबर-1 तक पानी पहुंचाने वाले राजबाहे में अक्सर ओवरफ्लो की स्थिति बनी रहती है। शुक्रवार को भी राजबाहा कई स्थानों से ओवरफ्लो रहा, जिसके चलते लाखों लीटर पानी सड़क किनारे और आसपास के क्षेत्रों में जमा रहा। ऐसे में सवाल यह है कि जब मौजूदा जल संसाधनों का संरक्षण ही नहीं हो पा रहा, तब नई परियोजनाओं के बड़े-बड़े दावों का वास्तविक लाभ कितना मिलेगा।

- 4.5 किमी लंबी और 900 मिमी व्यास की ट्रांसमिशन पाइपलाइन बिछेगी

### जलघर संख्या-3 का निरीक्षण

इसी बीच उपायुक्त सचिन गुप्ता ने शुक्रवार को जलघर संख्या-3 का निरीक्षण कर पेयजल आपूर्ति व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नहर में पानी छोड़े जाने की अवधि के दौरान अधिकतम जल भंडारण सुनिश्चित किया जाए और उपलब्ध अवसंरचना का बेहतर उपयोग किया जाए। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य केवल वर्तमान जरूरतों को पूरा करना नहीं, बल्कि भविष्य की मांग के अनुरूप मजबूत और टिकाऊ जल अवसंरचना विकसित करना है।,

### पानी की बर्बादी रोकने में विफल

हालांकि जमीनी हालात इन दावों से अलग तस्वीर पेश कर रहे हैं। शहर में जगह-जगह पाइप लाइनों से रिसाव, बार-बार होने वाली तकनीकी खराबियां और राजबाहों का लगातार ओवरफ्लो होना यह संकेत देता है कि विभाग मौजूदा प्रणाली के रखरखाव में भी अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखा पा रहा है। जल संरक्षण की बातें करने वाला विभाग स्वयं पानी की बर्बादी रोकने में विफल नजर आ रहा है।

### पाइपलाइन प्रणाली में बदला जाएगा

डीसी ने बताया कि शहर की पेयजल व्यवस्था को आधुनिक बनाने के लिए 27 करोड़ रुपये की परियोजना को मंजूरी मिल चुकी है। इसके तहत पुराने जलघर का आधुनिकीकरण, उच्च क्षमता वाले नए जलाशय का निर्माण और विभिन्न परिचालन प्रणालियों का उन्नयन किया जाएगा। परियोजना पूरी होने पर लगभग ढाई दिन के अतिरिक्त जल भंडारण की सुविधा उपलब्ध होगी। परियोजना के तहत वर्तमान खुली जल नहर को बंद पाइपलाइन प्रणाली में बदला जाएगा। इसके लिए 4.5 किलोमीटर लंबी और 900 मिमी व्यास की ट्रांसमिशन पाइपलाइन बिछाई जाएगी।

### जवाबदेही तय की जाएगी : डीसी

डीसी ने मकड़ौली स्थित 15 एमएलडी सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को निर्धारित मानकों के अनुरूप संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल सुरक्षा और अपशिष्ट जल प्रबंधन को एकीकृत करते हुए जिले में दीर्घकालिक जल प्रबंधन प्रणाली विकसित की जा रही है। लेकिन बड़ा सवाल यही है कि जब मौजूदा व्यवस्था में रोजाना हजारों और लाखों लीटर पानी बह रहा हो, तब नई परियोजनाओं से पहले जवाबदेही तय करना और पानी की बर्बादी रोकना क्या प्रशासन और जन स्वास्थ्य विभाग की प्राथमिकता नहीं होनी चाहिए।



रोहतक। लघु सचिवालय में आयोजित स्कूल शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता । फोटो : हरिभूमि

## बुनियादी शिक्षा, करियर मार्गदर्शन और कौशल विकास पर प्रशासन का फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

प्रशासन ने सरकारी विद्यालयों को पढ़ाई के केंद्र नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के समग्र विकास, कौशल निर्माण और भविष्य की तैयारी के मजबूत मंच के रूप में विकसित करने की दिशा में प्रयास तेज कर दिए हैं। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को इस प्रकार सशक्त बनाया जा रहा है ताकि प्रत्येक विद्यार्थी को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक कौशल, करियर मार्गदर्शन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का अवसर मिल सके। लघु सचिवालय में आयोजित स्कूल शिक्षा विभाग की मासिक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी ने निपुण हरियाणा मिशन, पीएम पोषण योजना, समग्र शिक्षा, व्यावसायिक शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और छात्र कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निपुण हरियाणा मिशन के लक्ष्यों को शत-प्रतिशत हासिल करने के लिए प्रयास और तेज करने के निर्देश दिए।

### 100 प्रतिशत का लक्ष्य

डीसी ने बताया कि जिले में निपुण हरियाणा मिशन के तहत लगभग 82 प्रतिशत विद्यार्थी निर्धारित शिक्षण दक्षताओं को प्राप्त कर चुके हैं। शेष विद्यार्थियों तक भी आवश्यक शैक्षणिक सहायता पहुंचाकर 100 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने का प्रयास किया जा रहा है। प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा तैयारी कार्यक्रम के तहत पूर्ण कवरेज प्राप्त कर ली गई है। भविष्य की चुनौतियों और अवसरों को ध्यान में रखते हुए प्रशासन ने सरकारी विद्यालयों में कक्षा 9 से संस्थागत करियर काउंसलिंग शुरू करने की दिशा में कदम बढ़ाए हैं।

### व्यावसायिक शिक्षा दी

डीसी ने कहा कि राष्ट्रीय कौशल योग्यता ढांचा (एनएसक्यूएफ) के तहत जिले के 66 सरकारी विद्यालयों में 14 विभिन्न ट्रेडों में व्यावसायिक शिक्षा दी जा रही है, जिससे 7,651 विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। कार्यक्रम के विस्तार के लिए 10 और विद्यालयों का प्रस्ताव भेजा गया है। एनएसक्यूएफ बोर्ड परीक्षाओं में कक्षा 10 का परिणाम 99.80 प्रतिशत तथा कक्षा 12 का परिणाम 98.44 प्रतिशत रहा। विशेष उपलब्धि के रूप में 25 विद्यार्थियों ने व्यावसायिक विषयों में 100 में से 100 अंक प्राप्त किए हैं।

### इनेलो नेता मंजीत कन्हेली बोले

## साजिश के तहत पुराना वीडियो किया वायरल, करेंगे मानहानि का दावा

**रोहतक।** सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे एक वीडियो को लेकर रोहतक की राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है। वीडियो में पुलिस कर्मियों के साथ कथित बहस को लेकर चर्चा के बीच इनेलो के प्रदेश सचिव मंजीत कन्हेली ने इसे विरोधियों की साजिश बताते हुए वीडियो वायरल करने वाले व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। मंजीत कन्हेली ने पत्रकारों से कहा कि वायरल किया गया वीडियो करीब आठ से नौ महीने पुराना है और अक्टूबर 2025 का है। उनका दावा है कि यह वीडियो गांव सुनारियां के एक मंदिर विवाद से जुड़ा है, जहां दोनों पक्षों के बीच समझौता हो चुका था और किसी प्रकार का मामला दर्ज नहीं हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि वीडियो को संपादित कर भ्रामक तरीके से प्रस्तुत किया गया है ताकि उनकी और पार्टी की छवि को नुकसान पहुंचाया जा सके। कन्हेली ने कहा कि जिस व्यक्ति ने वीडियो सोशल मीडिया पर डाला है, वह घटना के समय मौके पर मौजूद भी नहीं था। ऐसे में उसके पास वीडियो कैसे पहुंचा, यह जांच का विषय है। वीडियो पोस्ट करने वाले व्यक्ति को कानूनी नोटिस भेजा जा चुका है और उसके खिलाफ मानहानि का दावा दायर किया जाएगा।



पत्रकारों से बातचीत करते इनेलो के प्रदेश सचिव मंजीत कन्हेली व अन्य पदाधिकारी।



आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते पद्मश्री आचार्या डॉ. सुकामा।

## ईश्वर को रक्षक मान लेने से डर हो जाता समाप्त : पद्मश्री डॉ. सुकामा

**रोहतक।** आर्य वीर दल रोहतक के तत्वावधान में आर्य नगर स्थित वैदिक भक्ति साधन आश्रम में चल रहे सात दिवसीय आर्य वीरांगना प्रशिक्षण शिविर के पांचवें दिन पद्मश्री आचार्या डॉ. सुकामा ने मुख्य वक्ता के रूप में प्रतिभागियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि ईश्वर को सच्चे हृदय से अपना रक्षक मान लेने से मनुष्य के भीतर का डर समाप्त हो जाता है। महर्षि दयानंद की निडरता इसका सबसे बड़ा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि संकट या भय की स्थिति में 'ओम् सर्व रक्षक, ओम् मम रक्षक' का उच्चारण करने से मानसिक शक्ति बढ़ती है और भय दूर होता है। डॉ. सुकामा ने कहा कि मनुष्य को अपने कार्यों पर अभिमान नहीं करना चाहिए। शिविर में आचार्य शक्तिदेव ने प्रात काल यज्ञ संपन्न करवाया। वहीं शिक्षिका रजनी और सृष्टि ने योग, प्राणायाम, आसन तथा शाम के सत्र में जूडो-कराटे, लाठी, तलवार और अन्य युद्ध कलाओं का प्रशिक्षण दिया। जिला संचालक सतीश आर्य ने बताया कि शिविर का समापन 7 जून को भव्य रूप से किया जाएगा।

**आर्य वीरांगना प्रशिक्षण शिविर में आत्मबल, योग और युद्ध कलाओं का दिया प्रशिक्षण**

## विजयनगर बाग वाली गली फिलहाल नहीं होगी बंद

### एसडीएम, निगम अफसरों व पार्षद की मौजूदगी में दोनों पक्षों की सुनी बात, परेशानियां बताई

**रोहतक।** विजयनगर स्थित बाग वाली गली को बंद किए जाने के विवाद के बीच शुक्रवार को प्रशासन ने मौके पर पहुंचकर दोनों पक्षों की बात सुनी। इस दौरान एसडीएम आशीष वशिष्ठ, नगर निगम की ज्वाइंट कमिश्नर नमिता कुमारी तथा क्षेत्र के पार्षद प्रवीण कौशिक मौजूद रहे। काफी देर तक चली बातचीत और स्थानीय लोगों की राय सुनने के बाद प्रशासन ने फिलहाल गली का रास्ता बंद न करने का फैसला लिया है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि मामले की दोबारा जांच की जाएगी, लेकिन जब तक जांच पूरी नहीं होती तब तक यह रास्ता आम लोगों के लिए खुला रहेगा।

मौके पर बड़ी संख्या में महिलाएं मुंह पर पट्टी बांधकर निगम कार्यालय में पहुंची इनके साथ बुजुर्ग और स्थानीय निवासी मौजूद रहे। लोगों ने अधिकारियों के सामने अपनी समस्याएं रखते हुए कहा कि यह गली इलाके का मुख्य रास्ता है। रास्ता बंद कर दिया गया तो आसपास की आबादी को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। महिलाओं ने प्रशासन को बताया कि किसी भी प्रकार की आपात स्थिति में यही रास्ता सबसे साबित होता है। अगर कहीं आग लग जाए तो फायर ब्रिगेड की गाड़ी इसी रास्ते से पहुंचती है। अगर किसी व्यक्ति की अचानक तबीयत खराब होने या मेडिकल इमरजेंसी की स्थिति में एंबुलेंस के लिए भी यही मुख्य रास्ता है। महिलाओं ने यह भी बताया कि बच्चों की स्कूल बसें भी इसी गली से होकर आती-जाती हैं। ऐसे में रास्ता बंद होने से स्कूली बच्चों और अभिभावकों को भी काफी दिक्कत होगी।



मुंह पर पट्टी बांधकर निगम कार्यालय में विरोध जताती विजयनगर की महिलाएं।

### प्रशासन करेगा निष्पक्ष जांच

एसडीएम आशीष वशिष्ठ ने मौके पर मौजूद लोगों को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रशासन निष्पक्ष तरीके से मामले की जांच करेगा और सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर ही अंतिम निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल आमजन की सुविधा को देखते हुए रास्ता चालू रखा जाएगा ताकि लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। प्रशासन के इस फैसले के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। लोगों का कहना है कि जांच के दौरान यदि प्रशासन जमीनी हकीकत को ध्यान में रखेगा तो निश्चित रूप से आम जनता के हित में फैसला सामने आएगा।

### नए सिरे से जांच की जाएगी

शुक्रवार को दोनों पक्षों के समक्ष बातचीत हुई है। इस मामले में दोबारा नए सिरे से जांच की जाएगी। सहमति भी यहीं बनी है तब तक यह रास्ता बंद नहीं किया जाएगा। यह रास्ता अब खुला रहेगा। क्योंकि यह मुख्य गली है हजारों लोगों का आने जाने का मुख्य रास्ता है। जल्द ही इसमें जांच पूरी कर रिपोर्ट सौंपी जाएगी।

**नमिता कुमारी**
संयुक्त आयुक्त, नगर निगम

### कांग्रेस की बैठक में संगठन विस्तार और जनहित मुद्दों पर बनी रणनीति



रोहतक। शुक्रवार को जिला कांग्रेस कमेटी की मासिक बैठक कांग्रेस भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा कांग्रेस के सहप्रभारी जितेंद्र बघेल और विधायक भारत भूषण बत्रा ने की। इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों, विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान तथा जनहित से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में शहरी जिलाध्यक्ष कुलदीप केडी और ग्रामीण जिलाध्यक्ष बलवान रंगा ने अतिथियों का पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। विधायक भारत भूषण बत्रा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी एसआईआर प्रक्रिया को पूरी गंभीरता से ले रही है। पार्टी कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को जागरूक करेंगे ताकि किसी पात्र मतदाता का नाम सूची से न कटे और किसी अपात्र व्यक्ति का नाम शामिल न हो। सहप्रभारी जितेंद्र बघेल ने कहा कि बीएलए-2 कार्यकर्ताओं को पूरा सहयोग दिया जाएगा। कुलदीप केडी ने कहा कि पार्टी द्वारा दिए गए प्रत्येक दायित्व का कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी से निर्वहन करेंगे।

### लंबित शिकायतों का समयबद्ध निपटारा करें अधिकारी: उपायुक्त



**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि समाधान शिविर, जनसंवाद कार्यक्रम तथा विभिन्न शिकायत पोर्टलों पर लंबित मामलों का समयबद्ध और प्रभावी निपटारा सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाते हुए नागरिकों की समस्याओं का समाधान करना चाहिए, ताकि लोगों को वास्तविक राहत मिल सके। शुक्रवार को लघु सचिवालय में शिकायतों की समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने कहा कि समाधान शिविरों में प्राप्त प्रत्येक शिकायत का गंभीरता से निपटारा किया जाए। लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर हल करने के साथ-साथ शिकायतकर्ताओं को विभागीय कार्रवाई की जानकारी भी दी जाए। उन्होंने कहा कि नागरिकों की संतुष्टि शिकायत के स्थायी समाधान का आधार है। डीसी ने अधिकारियों को सीएम विंडो, सीपीग्राम्स, एसएमजीटी पोर्टल और जनसंवाद कार्यक्रमों से संबंधित शिकायतों की नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए।

### कर्मचारियों ने लंबित मांगों को लेकर सरकार को दी चेतावनी



**रोहतक।** हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन से संबंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा की आईबी भालौठ ब्रांच की कार्यकारिणी बैठक शुक्रवार को सिंचाई भवन स्थित यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता ब्रांच के वरिष्ठ उपप्रधान संजय ने की, जबकि संचालन ब्रांच सचिव संदीप मेहरा ने किया। बैठक में राज्य उपप्रधान शिव कुमार, राज्य कमेटी सदस्य नरेश हुड्डा, जिला प्रधान राकेश लाकड़ा, उपप्रधान नरेश देशवाल, प्रचार सचिव सुरेंद्र पहल तथा सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के जिला सचिव मनजीत पांचाल सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। यूनियन 15 और 16 जून को कार्यकारी अभियंताओं के माध्यम से सरकार को मांगपत्र सौंपकर नोटिस देगी। उन्होंने कहा कि पूर्व में मंत्रियों के साथ हुई बैठकों में आश्वासन दिए गए थे, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं हुआ। बैठक में सतीश हुड्डा, विकास, मनोज, शीलू, संदीप, ऋषि, आनंद सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी



### आईबी विद्यालय में समर कैंप का शानदार समापन

**रोहतक।** आईबी विद्यालय में आयोजित वाइकिंग्स क्लब समर कैंप का शुक्रवार को हर्षोल्लास के साथ समापन हो गया। बच्चों ने कला एवं शिल्प, नृत्य, संगीत, वक्तृत्व कला (भाषण), तैराकी, बैडमिंटन, बास्केटबॉल और शतरंज जैसी रचनात्मक व खेल गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। समापन दिवस को फन डे के रूप में मनाया गया, जो बच्चों के लिए बेहद यादगार रहा। इसमें नन्हे-मुन्नों ने पूल पार्टी, डांस पार्टी, कई मनोरंजक खेलों और स्वादिष्ट नाश्ते का जमकर आनंद लिया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. मनोज कुमार सिंह ने सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को प्रमाण-पत्र वितरित कर उनका हौसला बढ़ाया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### विकसित लाइब्रेरी ही शिक्षा को बनाती है सक्षम

**रोहतक।** दादा लख्मी चंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ परफॉर्मिंग एंड विजुअल आर्ट्स (सुपवा) में 'स्मार्ट लाइब्रेरी : पुस्तकालय संचालन में एआई का एकीकरण' विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां की डिप्टी लाइब्रेरियन डॉ दिनेश कुमारी ने बतौर एक्सपर्ट हिस्सा लिया। डॉ दिनेश कुमारी ने कहा कि शिक्षा मानव जीवन के विकास का आधार है और पुस्तकालय शिक्षा की मुख्य आधारशिला होते हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के दौर में पुस्तकालयों को भी तकनीकी रूप से उन्नत बनाना समय की आवश्यकता है। कार्यक्रम की कन्वीनर डॉ सीमा और कॉर्डिनेटर डॉ रेणु ने डॉ दिनेश कुमारी का स्वागत किया।




### महंगाई और पेयजल संकट के खिलाफ प्रदर्शन

**रोहतक।** लगातार बढ़ती महंगाई और पेयजल संकट के विरोध में शुक्रवार को हरियाणा बचाओ मोर्चा के बैनर तले रोहतक में काली पट्टी बांधकर रोष प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों ने मानसरोवर पार्क से जिला मुख्यालय तक जुलूस निकालकर उपायुक्त के माध्यम से राज्य एवं केंद्र सरकार को ज्ञापन भेजा। हरियाणा बचाओ मोर्चा के संयोजक मुकेश हुड्डा ने कहा कि पेट्रोल, डीजल, सीएनजी और एलपीजी गैस की लगातार बढ़ती कीमतों से आम नागरिकों का जीवन प्रभावित हो रहा है। मौके पर धीर महावीर शास्त्री, जगदीश हुड्डा, जसबीर सिंह मलिक, रणवीर सिंह हुड्डा, दिलबाग मलिक, सुमेर मलिक, मुकेश सोनी, ललित प्रजापति, मनीषा हुड्डा सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**ग्रामीणों के साथ हुई मीटिंग** | 19 दिन बाद समाधान की ओर बढ़ा नहर आंदोलन

## नहर के बेड को दोनों ओर से 10-10 फुट तक ही आरसीसी से पक्का किया जाएगा

**पूर्व की तरह बीच के हिस्से को कच्चा ही रखा जाएगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

भालौठ सब ब्रांच (बीएसबी) और झज्जर सब ब्रांच (जेएसबी) नहर की तली को आरसीसी से पक्का करने के विरोध में 19 दिनों से जारी ग्रामीणों के आंदोलन के समाधान की दिशा में शुक्रवार को अहम प्रगति हुई। खास बात यह रही कि सिंचाई विभाग ने वार्ता में ग्रामीणों के सामने वही प्रस्ताव रखा, जिसकी जानकारी हरिभूमि ने 27 मई के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित की थी। अब प्रशासन और ग्रामीणों के बीच बनी सहमति ने उस खबर पर मुहर लगा दी है। सिंचाई विश्राम गृह में हुई बैठक में विभागीय अधिकारियों व प्रभावित गांवों की संघर्ष समिति के प्रतिनिधियों के बीच बातचीत हुई। प्रशासन ने आश्वासन दिया कि नहर के बेड को दोनों ओर से केवल 10-10 फुट तक ही आरसीसी से पक्का किया जाएगा, बीच का हिस्सा कच्चा रखा जाएगा। साथ ही पुलों के पास घाट, दोनों ओर सीढ़ियां, मोरियों के निकट यू-आकार की पेड़ी तथा नलकूपों के आसपास बोर छोड़ने जैसी मांगों को स्वीकार कर लिया गया। बैठक में अधीक्षक अभियंता सतपाल दलाल, कार्यकारी अभियंता राजीव राठी व कार्यकारी अभियंता अरूण मुंजाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।



**रोहतक।** सिंचाई विश्राम गृह में ग्रामीणों से बातचीत करते अधीक्षक अभियंता सतपाल दलाल, कार्यकारी अभियंता राजीव राठी और कार्यकारी अभियंता अरूण मुंजाल ।



हरिभूमि

रिचार्ज गैलरी फॉर्मूले पर टिकी निगाहें, भालौठ नहर विवाद में सिंचाई विभाग तलाश रहा बीच का रास्ता

### सकारात्मक माहौल बना

हरिभूमि ने 27 मई को प्रकाशित खबर में सूत्रों के हवाले से बताया था कि विभाग पूर्ण पक्कीकरण की बजाय सीमित क्षेत्र में आरसीसी कार्य व शेष हिस्से को यथावत रखने के विकल्प पर विचार कर रहा है। शुक्रवार की वार्ता में यही प्रस्ताव आधिकारिक रूप से सामने आया। ग्रामीण प्रतिनिधियों ने कहा कि प्रशासन के आश्वासनों से सकारात्मक माहौल बना है। शनिवार को धरना स्थल पर बैठक के बाद आंदोलन के भविष्य पर अंतिम निर्णय लिया जाएगा। किसान मजदूर मोर्चा के उमेद सिंह रिठाल, किसान यूनियन के रणधीर धामड़, अखिल भारतीय किसान सभा के प्रीत सिंह और सुमित दलाल, अहलावत खाप प्रधान जय सिंह आदि ने भाग लिया।

## खबर संक्षेप

### नए ट्रक को काटकर बेच देते थे पुर्जे, चार गिरफ्तार

**सोनीपत।** क्राइम यूनिट सेक्टर-3 की टीम ने नए ट्रक को अवैध रूप से काटकर उसके पुर्जे बेचने तथा बीमा कंपनी से धोखाधड़ी करने की साजिश रचने के मामले में चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान बलराम, रामकृपाल, सारद और जमिल के रूप में हुई है। पुलिस को सूचना मिली थी कि सबोली स्थित कबाड़ गोदाम में नया ट्रक काटा जा रहा है। सूचना के आधार पर की गई छापेमारी में चारों आरोपित गैस कटर व अन्य औजारों की मदद से ट्रक को काटते हुए मिले। पुलिस द्वारा ट्रक से संबंधित दस्तावेज मांगे जाने पर वे कोई कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। जांच में सामने आया कि ट्रक को काटकर उसके पुर्जे बेचने और बाद में बीमा कंपनी से क्लेम लेने की साजिश रची गई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। कोर्ट ने मुख्य आरोपित बलराम को दो दिन के रिमांड पर भेज दिया, जबकि अन्य तीन को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### सिर्फ दो परीक्षाएं ही तय नहीं करती भविष्य, घबराएं नहीं, छात्र अपनी रुचि और कौशल के अनुसार चुनें करियर की राह

# नीट-जेई नहीं तो क्या, सफलता के और भी हैं रास्ते

■ विशेषज्ञ बोले-बेहतर रैंक और प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश की होड़ में परेशान न हों युवा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


एआई जेनरेटेड फोटो

■ फार्मेसी, नर्सिंग, फिजियोथेरेपी, बायोटेक्नोलॉजी डेटा साइंस व एआई जैसे क्षेत्रों में शानदार मौके

सिटी पल्स

नीट और जेई जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर छात्रों में बढ़ता तनाव आज एक गंभीर चिंता का विषय बन चुका है। बेहतर रैंक और प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश की होड़ के बीच कई छात्र मानसिक दबाव और निराशा का सामना करते हैं। कई बार यह तनाव इस कदर हावी हो जाता है कि छात्र मानसिक अवसाद का शिकार होने लगते हैं। हालांकि शिक्षा विशेषज्ञों का मानना है कि किसी एक परीक्षा का परिणाम जीवन की अंतिम मंजिल तय नहीं करता। वर्तमान समय में स्वास्थ्य सेवा, सूचना प्रौद्योगिकी, अनुसंधान, डिजाइनिंग, प्रबंधन और उभरती तकनीकों से जुड़े अनेक ऐसे कोर्स उपलब्ध हैं, जो शानदार करियर के अवसर प्रदान करते हैं। फार्मेसी, नर्सिंग, फिजियोथेरेपी, माइक्रोबायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और साइबर सिक्योरिटी जैसे क्षेत्रों में प्रशिक्षित युवाओं की मांग लगातार बढ़ रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि छात्रों को अपनी रुचि, क्षमता और कौशल के अनुरूप करियर विकल्प चुनने चाहिए।

## विद्यार्थियों के लिए और भी कई मौके

करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर डॉ. मोहित बंसल का कहना है कि यदि कोई छात्र नीट और जेई जैसी परीक्षाओं में मनमुताबिक सफलता नहीं पा पाता, तो इसका मतलब यह कतई नहीं है कि उसके भविष्य के रास्ते बंद हो गए हैं। उसके और भी करियर के बेहतरीन विकल्प मौजूद हैं।



1. **पीसीबी (जीव विज्ञान)** के छात्रों के लिए बिना नीट के बेहतरीन मेडिकल कोर्स चिकित्सा क्षेत्र का अर्थ केवल एमबीबीएस या बीडीएस नहीं है। स्वास्थ्य सेवा, अनुसंधान और फार्मास्युटिकल उद्योग में कई ऐसे **शानदार कोर्स हैं जिनमें नीट अनिवार्य नहीं होता-**

**फार्मा और नर्सिंग:** बैचलर ऑफ फार्मेसी, बी.एससी नर्सिंग।
**चिकित्सा और पुनर्वास:** बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपी, बैचलर ऑफ ऑक्यूपेशनल थेरेपी।
**प्रयोगशाला और जांच:** बीएमएलटी, बैचलर इन ऑप्टोमेट्री, रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी।
**विशिष्ट तकनीक:** डायलिसिस टेक्नोलॉजी, ऑपरेशन थिएटर, कार्डिएक केयर टेक्नोलॉजी।
**अनुसंधान और अनुप्रयुक्त विज्ञान:** माइक्रोबायोलॉजी, बायोटेक्नोलॉजी, फॉरेंसिक साइंस, न्यूट्रिशन एंड डाइटेटिक्स।
**पशु चिकित्सा:** बैचलर ऑफ वेटर्नरी साइंस।

2. **पीसीएम (गणित):** जेई के बिना बी टेक और वास्तुकला जेई मुख्य रूप से आईआईटी और एनआईटीके लिए है, लेकिन इसके अलावा भी इंजीनियरिंग व वास्तुकला में मौके हैं।

**निजी विश्वविद्यालय और कॉलेज:** कई प्रतिष्ठित निजी संस्थान स्वयं की प्रवेश परीक्षा आयोजित करते हैं या फिर 12वीं के अंकों के आधार पर प्रवेश देते हैं।
**कम परसेंटाइल पर भी अवसर:** कई राज्य सरकारी संस्थानों और सरकारी सहायता प्राप्त कॉलेजों में कम जेई स्कोर वाले छात्रों को दाखिला मिल जाता है।

3. **इंजीनियरिंग से अलग:** पीसीएम छात्रों के लिए अन्य आधुनिक क्षेत्र, यदि कोई छात्र पारंपरिक इंजीनियरिंग नहीं करना चाहता, तो उसके लिए कई कोर्स उपलब्ध हैं। इनमें सूचना प्रौद्योगिकी और कंप्यूटरबीसीए, डेटा साइंस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, साइबर सिक्योरिटीडिजाइनिंग और रचनात्मक क्षेत्रएनिमेशन एंड मल्टीमीडिया, फैशन डिजाइनिंग, इंटीरियर डिजाइनिंग आदि शामिल हैं।

### भविष्य की राहें सिर्फ दो परीक्षाओं तक नहीं



हाई रैंक अकादमी के शिक्षक कर्ण का कहना है कि अभिभावकों और छात्रों को यह समझना होगा कि भविष्य की राहें केवल दो परीक्षाओं तक सीमित नहीं हैं। यदि आप जेईई या नीट में मनमुताबिक रैंक नहीं ला पाते, तो भी आपके पास बायोटेक, डेटा साइंस, फार्मेसी और एआई जैसे अनगिनत बेहतरीन विकल्प खुले हैं। एक परीक्षा में कम अंक आना जीवन का अंत नहीं है, सही मार्गदर्शन और अपनी रुचि के क्षेत्र का चयन ही आपको लंबी रेस का असली विजेता बनाता है।

### परीक्षाएं सिर्फ ज्ञान का मूल्यांकन करने के लिए

परीक्षाएं ज्ञान का मूल्यांकन करने के लिए होती हैं, आपके जीवन की कीमत तय करने के लिए नहीं। लगातार पढ़ाई के बोझ के बीच अपने पसंदीदा खेल, खेल-कूद और रचनात्मक गतिविधियों के लिए समय निकालना बेहद जरूरी है। यही चीजें आपके दिमाग को तरोताजा रखती हैं और एकाग्रता बढ़ाती हैं। याद रखें, एक मजबूत और स्वस्थ मन ही किसी भी प्रतियोगिता को जीतने की सबसे बड़ी चाबी है।

## पेड़ लगाकर उसे बचाना भी जरूरी



**रोहतक।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को गांव मायना में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के ओएसडी गजेंद्र फौगाट ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि केवल पौधारोपण करना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि पौधों को संरक्षित कर बड़ा करना भी समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम के दौरान 70 हजार पौधे लगाने वाले ट्री मैन शिव कुमार को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पदम दुल, अमित नीटू, काला मायना, रोशन मायना, जयकवार बुधवार, ढीला गरनावठी, राजबीरऔर मंजीत सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## उपकार हाई स्कूल में विश्व पर्यावरण दिवस मनाया



**रोहतक।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर उपकार हाई स्कूल, रोहतक में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर में विभिन्न पौधे लगाए गए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर पक्षियों के लिए मिट्टी के जल पात्र रखकर उनमें स्वच्छ पानी भरा गया। विद्यालय की प्राचार्या अनीता अरोड़ा ने कहा कि ये पौधे केवल पौधे नहीं, बल्कि हमारे बच्चों के समान हैं। हमें इनकी रक्षा, देखभाल और सुरक्षा करनी चाहिए ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं हरित वातावरण मिल सके। उन्होंने सभी से अपील की कि प्रत्येक व्यक्ति हर वर्ष कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल करे। कार्यक्रम के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं जीव-जंतुओं के प्रति सेवा भाव का संदेश दिया गया।

## पेड़-पौधे जीवन का मूल आधार : मंजू



**रोहतक।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला परिषद की चेयरपर्सन एवं भाजपा युवा मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मंजू हुड्डा ने जिला विकास भवन स्थित पार्क में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर उन्होंने सभी नागरिकों से /"एक पौधा मां के नाम अभियान से जुड़ने और पर्यावरण संरक्षण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। मंजू हुड्डा ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे जीवन का मूल आधार हैं और स्वच्छ वातावरण स्वस्थ जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई /"एक पौधा मां के नाम/" मुहिम को जन-जन तक पहुंचाने की जरूरत है। पौधा लगाने के साथ उसकी देखभाल भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। हमें पौधे की परवरिश एक पुत्र की तरह करनी चाहिए, क्योंकि वृक्ष बड़े होकर समाज को स्वच्छ वायु, छाया और जीवन प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2019-20 के दौरान कोविड महामारी में लोगों को ऑक्सीजन की कमी जैसी गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ा था, जिससे पेड़ों के महत्व का एहसास हुआ। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रम चला रही है, जिससे लोगों में पौधरोपण के प्रति जागरूकता और रुचि बढ़ी है।

## पर्यावरण बचाना है तो हर व्यक्ति को निभानी होगी जिम्मेदारी: प्रो. संदीप

*रोहतक। पर्यावरण संरक्षण सिर्फ सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर व्यक्ति को इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी होगी। यह बात महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित विचार गोष्ठी में कही। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एमडीयू के स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर स्थित कॉन्फ्रेंस हॉल में भूगोल विभाग एवं पर्यावरण संरक्षण गतिविधि, हरियाणा प्रांत के संयुक्त तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण: भारतीय परंपरा से आधुनिक समाधान तक विषय पर आयोजित विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि कुलसचिव प्रो. संदीप बंसल ने विद्यार्थियों से प्रकृति के प्रति संवेदनशील बनने और पर्यावरण संरक्षण को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। गोष्ठी के मुख्य वक्ता वरिष्ठ प्रोफेसर एवं भूगोल विभागाध्यक्ष प्रो. प्रमोद कुमार ने कहा कि भारतीय संस्कृति में प्रकृति संरक्षण की परंपरा सदियों पुरानी है। हमारे पूर्वजों ने नदियों, तालाबों और वृक्षों को पूजा से जोड़कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। आज बढ़ते प्रदूषण और जल संकट जैसी चुनौतियों का समाधान भारतीय परंपराओं और आधुनिक वैज्ञानिक उपायों के समन्वय से ही संभव है। उन्होंने जल संरक्षण, वृक्षारोपण, स्वच्छता और अक्षय ऊर्जा के अधिक उपयोग पर बल दिया। कार्यक्रम में एक विद्यार्थी-एक वृक्ष अभियान, प्रदूषण नियंत्रण और हरित ऊर्जा को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। इस दौरान विद्यार्थियों और शिक्षकों ने अधिक से अधिक पौधारोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का संकल्प लिया।*



## पौधे लगाकर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**रोहतक।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी), रोहतक क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा प्रकृति से प्रेरित, जलवायु के लिए, हमारे भविष्य के लिए थीम के तहत विभिन्न जागरूकता एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, जलवायु संवर्धन और सतत जीवनशैली को बढ़ावा देना रहा। क्षेत्रीय अधिकारी दिनेश कुमार ने आईएमटी स्थित एशियन पेंट्स में आयोजित कार्यक्रम में कर्मचारियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई और वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया। यहां 100 से अधिक पौधे लगाए गए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकारी जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक व्यक्ति की सहभागिता से ही संभव है। अगस्त्य इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों और शिक्षकों को पर्यावरण-अनुकूल जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। जूट बैग और जूट स्कूल किट वितरित कर प्लास्टिक के विकल्पों को बढ़ावा देने का संदेश दिया गया। विद्यालय परिसर में भी पौधरोपण किया गया।इसके अलावा आईएमटी स्थित शिवम ऑटो टेक, 10 एमएलडी सीईटीपी तथा भारत रसायन में भी विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाए गए। भारत रसायन परिसर में 100 से अधिक पौधे लगाए गए।

## एक पौधा-एक जिम्मेदारी के संदेश के साथ नगर निगम का विशेष पौधरोपण अभियान



*रोहतक। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा वार्ड नंबर 8 स्थित महावीर पार्क में विशेष पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सहकारिता मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर, महापौर रामअवतार वाल्मिकी, निगम आयुक्त नरेन्द्र कुमार, संयुक्त आयुक्त नमिता कुमारी, वार्ड सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया और विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। कार्यक्रम के दौरान पार्क परिसर में हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से छायादार एवं औषधीय पौधों का रोपण किया गया। सभी प्रतिभागियों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने तथा लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य शहर में हरित क्षेत्र का विस्तार करना और लोगों को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना रहा। पूर्व मंत्री मनीष कुमार ग्रोवर ने नागरिकों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।*

## विश्व पर्यावरण दिवस पर मैना टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में वृक्षारोपण कार्यक्रम



*रोहतक। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्ट्स द्वारा मैना टूरिस्ट कॉम्प्लेक्स में एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक वृक्षारोपण के लिए लोगों को प्रेरित करना था। इस अवसर पर परिसर में विभिन्न प्रकार के फलदार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में जाट एजुकेशन सोसायटी के पूर्व अध्यक्ष राज सिंह नांदल सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। अपने संबोधन में राज सिंह नांदल ने कहा कि पृथ्वी को सुरक्षित और हरा-भरा बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक वृक्षारोपण करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को पौधे लगाने और उनकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। वृक्ष न केवल हमें स्वच्छ वायु प्रदान करते हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और सुरक्षित वातावरण भी सुनिश्चित करते हैं। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सामाजिक कार्यकर्ता बलराज सिंह नांदल, युवा नेता मनजीत सिंह फोगाट कृष्ण नम्बरदार, रणबीर भल्लारा, रामकरण पूनिया, जितिन तिर्खा, मिंटू मोखरा, शुभम जैन, मोखरा के सरपंच मुकेश, वरिष्ठ पत्रकार सुकरामपाल, डॉ. देहराज, जोगिंदर प्रधान (मैना) तथा संजय वर्मा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।*

## वृक्षारोपण जीवन की रक्षा के लिए जरूरी

**रोहतक।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर श्रीसिद्धेश्वर तीर्थ ब्रह्मऋषि आश्रम, तिरुपति में वृक्षारोपण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम सिद्धगुरुवर सिद्धेश्वर ब्रह्मऋषि गुरुदेव की प्रेरणा से संपन्न हुआ, जिसका उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा। इस दौरान आश्रम परिसर और आसपास विभिन्न प्रजातियों के छायादार, फलदार एवं औषधीय पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में रामप्रसाद सहित अनेक गुरु भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पौधों की देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। श्रद्धालुओं ने कहा कि बढ़ता प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन पर्यावरण के लिए गंभीर चुनौती बन चुके हैं। ऐसे में वृक्षारोपण मानव जीवन की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। विदेश प्रवास पर रहे सिद्धगुरुवर श्री सिद्धेश्वर ब्रह्मऋषि गुरुदेव ने अपने संदेश में कहा कि प्रकृति परमात्मा की अनुपम देन है और वृक्ष धरती के प्राण हैं।

## तिलियार चिड़ियाघर में वृक्षारोपण कर की गई साफ-सफाई

*रोहतक। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को तिल्यार चिड़ियाघर में पर्यावरण संरक्षण एवं स्वच्छता को लेकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम महापौर रामअवतार वाल्मीकि द्वारा पौधरोपण कर किया गया। इस दौरान मुख्य वन संरक्षक रंजीता, उप वन संरक्षक सुन्दर लाल सहित वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे। कार्यक्रम में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा लोगों से अधिकाधिक वृक्ष लगाने और उनकी देखभाल करने की अपील की गई। अधिकारियों ने बताया कि विश्व पर्यावरण दिवस 2026 की थीम "जलवायु कार्रवाई" है, जिसका उद्देश्य जलवायु परिवर्तन के प्रति जागरूकता बढ़ाना और पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों को बढ़ावा देना है। पौधरोपण के बाद चिड़ियाघर परिसर में व्यापक स्वच्छता अभियान भी चलाया गया। अभियान के दौरान भ्रमण क्षेत्र, लॉन और सार्वजनिक स्थलों से प्लास्टिक बोतलें, रैपर, पॉलीथीन और अन्य कचरा एकत्र कर उसका उचित निस्तारण किया गया। अधिकारियों ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे जन आंदोलन बनाना जरूरी है। लोगों से एकल उपयोग प्लास्टिक का प्रयोग कम करने, स्वच्छता बनाए रखने और प्रकृति संरक्षण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की।*



## पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया



**रोहतक।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिड़ी में गुरुवार को विश्व पर्यावरण दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पीजीआईएमएस रोहतक से आए कम्युनिटी मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉ. रमेश वर्मा ने की। इस अवसर पर चिड़ी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे इंटर्न चिकित्सकों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर मरीजों और आमजन को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पेड़ों की लगातार कटाई से होने वाले नुकसान तथा पर्यावरण संतुलन पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया गया, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके।वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. सत्यपाल ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान की जानकारी देते हुए लोगों को एचपीवी वैक्सीन लगवाने के प्रति भी जागरूक किया। इस अवसर पर डॉ. मीनू यादव, डॉ. निशा, डॉ. अमित, डॉ. तनुष्का, डॉ. पार्थ, डॉ. सलोनी, हेल्थ इंस्पेक्टर सुरेंद्र अत्री तथा स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ उपस्थित रहा।

## स्वच्छ वातावरण जीवन का प्रमुख आधार



**रोहतक।** साइकिलिस्ट और भारत सरकार के फिट इंडिया अभियान की ब्रांड एम्बेसडर स्वीटी मलिक ने विश्व पर्यावरण दिवस पर सेक्टर 2 स्थित पार्क में पौधरोपण किया। उन्होंने सभी से मां के नाम पर पौधा लगाने की अपील की और पर्यावरण की सुरक्षा की आवश्यकता बताई। साइकिलिस्ट स्वीटी मलिक ने कहा कि सवच्छ वातावरण जीवन का प्रमुख आधार है। उन्होंने कहा कि सभी एक पौधा मां के नाम अवश्य लगाएं और पर्यावरण को सुरक्षित रखने में सहयोग करें। स्वीटी मलिक ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू की गई एक पौधा मां के नाम की मुहिम को आगे लेकर जाना है और पौधे की देखभाल भी एक पुत्र के समान करनी है क्योंकि वृक्ष जब बनता है तो वह अपने आसपास के लोगों को जीवनदान देता है। उन्होंने कहा कि साल 2019 में कोविड के दौरान भारी ऑक्सीजन की कमी का सामना करना पड़ा था।उसके बाद लोगों ने पर्यावरण को बचाने के लिए पेड़ लगाने की मुहिम को बढ़ाया और आज यह मुहिम पूरे देश और दुनिया में चली हुई है।

## पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण सबसे प्रभावी माध्यम : उपायुक्त



**रोहतक।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा संचालित /"स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु अभियान/" के तहत विकास भवन परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त सचिन गुप्ता और अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नरेंद्र कुमार ने पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने और आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी भी प्रत्येक नागरिक को निभानी चाहिए। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन का स्वच्छ गांव, सुरक्षित जलवायु अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता, हरित वातावरण और जलवायु संरक्षण को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। इस अभियान के माध्यम से लोगों को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है तथा व्यापक स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सचिन गुप्ता ने नागरिकों से विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कम से कम एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छ, हरित और स्वस्थ वातावरण का निर्माण संभव है। इस अवसर पर मंजू ग्रेवाल सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी और कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

TOP-IN-TOWN रोहतक बाजार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें: विज्ञापन विभाग, हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
मो. 9996959400, 9996985800, 9996965600, 9996954600

CSC CENTRE
REQUIREMENT
COMPUTER OPERATOR
2 (FEMALE)
Knowledge: Internet, Online Form, Portals Photoshop, MS Office
Experience Preferred
Name: Abhimanyu
& : 9812515432
Circular Road, Opposite Devi Vihar, Near Jhajjar Chungi, HP Petrol Pump, Rohtak

DAV POLICE PUBLIC SCHOOL
Sunarian, Rohtak, 7082999252, 8222944152
Sealed tenders are invited on prescribed form of Rs. 500/- each (Non-refundable) available from the school office on any working day between 9.00 a.m. - 1.00 p.m. for (2026-27) for the following service :-

| | | Security Money |
|---|---|---|
| 1. | Manpower through registered agency | 2,00,000/- |
| 2. | Canteen & Bookshop | 10,000/- each |

The complete tender in all respect should reach the school office on or before 15.06.2026 by 1.00 p.m. General terms & conditions can be obtained from office along with tender form on any working day. The undersigned reserves the right to accept / reject any tender without assigning any reason. Any legal matter will be dealt within jurisdiction of Rohtak.
Ms Vandana Kapoor (Manager)
Reena Harjai (Principal)

### 'चलो चलें हम पेड़ लगाएं, धरती को खुशहाल बनाएं' अभियान का शुभारंभ किया

# मानसून के दौरान एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


**रोहतक।** पौधरोपण अभियान की शुरुआत करते जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय तेवतिया। फोटो : हरिभूमि

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर शुक्रवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए) ने पर्यावरण संरक्षण और जन-जागरूकता के उद्देश्य से विशेष पौधरोपण अभियान की शुरुआत की। जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय तेवतिया ने पौधरोपण कर 'चलो चलें हम पेड़ लगाएं, धरती को खुशहाल बनाएं' अभियान का शुभारंभ किया। तेवतिया ने कहा कि प्राधिकरण ने मानसून सीजन के दौरान रोहतक में एक लाख पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। इस अभियान को जिला वन विभाग, शिक्षा विभाग तथा अन्य सरकारी विभागों के सहयोग से पूरा किया जाएगा। इसके तहत सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों और सरकारी भूमि पर बड़े स्तर पर पौधरोपण किया जाएगा।

### पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की आवश्यकता

जज तेवतिया ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। वृक्ष शुद्ध वायु प्रदान करने के साथ-साथ जलवायु संतुलन बनाए रखने, जैव विविधता के संरक्षण और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने लोगों से कम से कम एक पौधा लगाने और उसकी देखभाल करने का संकल्प लेने का आह्वान किया। इस अवसर पर अजय तेवतिया ने बताया कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के तत्वावधान में आगामी 21, 22 और 23 अगस्त को विशेष लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसमें विभिन्न जिलों के चिन्हित मामलों का आपसी सहमति से निपटारा किया जाएगा। उन्होंने नागरिकों से लोक अदालत का लाभ उठाकर विवादों का सौहार्दपूर्ण समाधान करने की अपील की।

## खबर संक्षेप

### कोर्ट में पेश न होने पर आरोपी भगोड़ा घोषित

**रोहतक।** पुराना सब्जी मंडी थाना पुलिस ने अदालत में पेशी के दौरान अनुपस्थित रहने वाले एक आरोपी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए नया मामला दर्ज किया है। पुलिस ने फतेहपुरी कॉलोनी निवासी सुधीर पुत्र सूरजभान के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार आरोपी के खिलाफ वर्ष 2020 में पुराना सब्जी मंडी थाना में चोरी से संबंधित मामला दर्ज हुआ था।

### श्रीमद्भागवत सप्ताह कथा का आयोजन 8 जून से

**रोहतक।** पुरुषोत्तम अधिक मास के पावन अवसर पर जनता कॉलोनी स्थित तेजराम आश्रम में 8 जून से 15 जून 2026 तक श्रीमद्भागवत सप्ताह कथा ज्ञान अमृत का भव्य आयोजन किया जाएगा। कथा प्रतिदिन सायं 4 बजे से 7 बजे तक आयोजित होगी, जिसमें श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और भागवत महिमा का श्रवण कर धर्म लाभ प्राप्त करेंगे।

### सरकारी स्कूल की विज्ञान प्रयोगशाला में चोरी

**रोहतक।** चोरों ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मदीना को निशाना बनाते हुए विज्ञान प्रयोगशाला में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर प्रयोगशाला से सामान चोरी करने के साथ-साथ वहां तोड़फोड़ भी कर गए। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में स्कूल के प्रिंसिपल अनुज मलिक ने बताया कि विद्यालय की विज्ञान प्रयोगशाला में अज्ञात चोर घुस गए।

### पीजीआई से युवक अवैध हथियार सहित गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस की स्पेशल डिटेक्टिव यूनिट (एसडीयू) टीम ने गश्त के दौरान एक युवक को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक देसी पिस्तौल बरामद किया है। पुलिस प्रवक्ता मनीष कुमार ने बताया कि मुख्य सिपाही दीपेन्द्र के नेतृत्व में स्पेशल डिटेक्टिव स्टाफ की टीम दिल्ली बाईपास क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान मिली सूचना के आधार पर टीम ने पीजीआईएमएस परिसर में खड़े एक संदिग्ध युवक को काबू किया। पूछताछ में युवक की पहचान निखिल पुत्र प्रमोद, निवासी पीजीआईएमएस के रूप में हुई।

# आईटीआई में इस सत्र से शुरू हुई आठ नई ट्रेड

- युवाओं के लिए बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक



औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) रोहतक में दाखिला लेने के इच्छुक युवाओं के लिए एक बड़ी और बेहद व्यावहारिक खुशखबरी है। संस्थान ने बाजार की आधुनिक मांग और तकनीकी बदलावों को देखते हुए इस आगामी सत्र से 8 नई ट्रेड शुरू करने का निर्णय लिया है। गौरतलब है कि पिछले साल संस्थान में केवल 5 नई ट्रेड शामिल की गई थीं, लेकिन इस बार युवाओं के कौशल को वैश्विक स्तर पर चमकाने के लिए इसकी संख्या बढ़ाकर आठ कर दी गई है। प्राचार्य राजपाल सिंधु के अनुसार इन नए पाठ्यक्रमों को शामिल करने का मुख्य उद्देश्य युवाओं को पारंपरिक शिक्षा से इतर सीधे रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना है। इस साल शामिल की गई ट्रेड में डिजिटल क्रांति, स्वास्थ्य और सेवा क्षेत्र (सर्विस सेक्टर) पर विशेष ध्यान दिया गया है।

### इन कोर्सों में मिलेगा मौका

- **तकनीशियन पावर इलेक्ट्रॉनिक सिस्टम:** आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और पावर ग्रिड्स के रख-रखाव के लिए।
- **वायरमैन:** घरेलू और औद्योगिक बिजली वायरिंग के क्षेत्र में विशेषज्ञता के लिए।
- **इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक :** आधुनिक गैजेट्स और सर्किट रिपेयरिंग के लिए।
- **ड्राफ्ट्समैन (सिविल):** कंस्ट्रक्शन और आर्किटेक्चर सेक्टर के लिए।
- **ड्राफ्ट्समैन (मैकेनिकल):** मशीनरी डिजाइनिंग और ड्राफ्टिंग के लिए।
- **फिटर और इलेक्ट्रीशियन:** हर छोटे-बड़े उद्योग की रीढ़ माने जाने वाले एवरग्रीन कोर्सेज।
- **उपकरण मैकेनिक :** ऑटोमेशन और प्रिसिजन टूल्स के रख-रखाव के लिए।

### आईटीआई किलोई में 15 जून तक करे आवेदन

**रोहतक।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) किलोई में नए शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो गई है, जिसके तहत इस बार विभिन्न इंजीनियरिंग और गैर-इंजीनियरिंग व्यवसायों की कुल 508 सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। संस्थान के प्रधानाचार्य सुमित नरवाल ने बताया कि प्रवेश के इच्छुक छात्र 02 जून से 15 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने जानकारी दी कि आईटीआई किलोई में इलेक्ट्रीशियन, टर्नर, फिटर, कोपा, वेल्डर, प्लंबर, मशिनेस्ट, डीएमसी, डीएमएम, वायरमैन और ड्रेस मेकिंग सहित कई अन्य महत्वपूर्ण ट्रेड उपलब्ध हैं, जिनके लिए फॉर्म भरे जा रहे हैं।

### आईटीआई अपने बुनियादी ढ़ाचे को कर रहा मजबूत

इन सभी सीटों पर दाखिले की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। विद्यार्थी 15 जून तक आवेदन कर सकते हैं। संस्थान के प्राचार्य ने बताया कि आईटीआई रोहतक लगातार अपने बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रहा है ताकि हरियाणा के युवाओं को उद्योगों की तात्कालिक जरूरत के अनुसार पूरी तरह आत्मनिर्भर बनाया जा सके। ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के युवाओं के लिए यह अपने हुनर को तराशने का एक सुनहरा मौका है।



**रोहतक।** कथा के दौरान श्री कृष्ण की झाकी के साथ राजेश जैन-संध्या जैन एवं मनमोहन गोयल-निर्मला गोयल।

## श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

**रोहतक।** पुरुषोत्तम मास के अवसर पर नारायण सेवा संस्थान, उदयपुर के सहयोग से आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। शहीद मदन लाल ढींगड़ा कम्युनिटी सेंटर, ओल्ड आईटीआई ग्राउंड, रोहतक में आयोजित कथा में हजारों श्रद्धालुओं ने धर्म लाभ प्राप्त किया। कथा स्थल राधे-कृष्ण के जयकारों और भजन-कीर्तन से भक्तिमय बना रहा। कथा व्यास पूज्य डॉ. संजय कृष्ण सलिल महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं, भक्ति और सत्संग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन को आध्यात्मिक उन्नति और सेवा भाव की ओर प्रेरित करती है। कथा श्रवण से मन में सकारात्मकता और आत्मिक शांति का संचार होता है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य आयोजक राजेश जैन-संध्या जैन एवं मनमोहन गोयल-निर्मला गोयल द्वारा दिव्यांगजनों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर और कृत्रिम अंग वितरित किए गए। इस सेवा कार्य ने श्रद्धालुओं को मानव सेवा के लिए प्रेरित किया।

## महम में कबाड़ के गोदाम में लगी आग लाखों का नुकसान, बाइक भी जली



**महम।** आग बुझाने के लिए मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

शुक्रवार दोपहर को महम में एक कबाड़ के गोदाम में बिजली के शॉर्ट सर्किट से अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि आग और धुंए की लपटे देखकर महम शहर और आस पास के गांवों के लोग तथा वहां से गुजर रहे राहगीर आग बुझाने के लिए दौड़ पड़े। फायर ब्रिगेड की गाड़ियों को मौके पर बुलाया गया। महम दमकल केंद्र की तीन गाड़ियों से आग काबू नहीं आई, तो रोहतक से भी फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां बुलाई गई। शाम तक तीन गाड़ियां आग बुझाने के काम में लगी रही। दर्जनों दमकल कर्मी और शहर के लोगों ने आग बुझाने में कड़ी मशक्त की। लेकिन लाखों रुपए का कबाड़ जलकर राख हो गया। इस दौरान वहां पर खड़ी मोटर साइकिल भी आग की भेंट चढ़ गई।

गनीमत यह रही कि वहां पर काम कर रहे 8-10 लोग आग की चपेट में आने से बच गए। कबाड़ लाने और ले जाने के लिए वहां पर खड़ी एक कैंटर भी आग की भेंट चढ़ सकती थी। लेकिन उसे आग लगते ही ड्राइवर ने बाहर निकाल लिया। लेकिन कैंटर चालक ने कैंटर तो बचा ली। मगर वह अपने मोटर साइकिल को नहीं निकाल सका।



### खेतों में कबाड़ का अंबार

हिसार रोड और भैणी मातो रोड के साथ चैतन्य स्कूल के पास खेतों में शहर के एक कबाड़ी ने कबाड़ का गोदाम बनाया हुआ है। पिछले कई महीने से यहां पर भारी मात्रा में प्लास्टिक व लोहा आदि एकत्रित किया हुआ था। बताया जा रहा है कि प्लास्टिक को यहां पर पिघलाया भी जाता था। कबाड़ी का नाम जॉनी बताया गया है। इतने बड़े स्तर पर कबाड़ एकत्रित किया गया है। पुलिस के लिए यह जांच का विषय बन गया है कि क्या इस तरह का कारोबार सरकारी परमिशन से किया जा रहा था या अवैध रूप से कबाड़ी पिघलाने की फैक्टरी चलाई जा रही थी।

गोदाम खेतों में था। यदि किसी रिहायशी इलाके में होता, तो नुकसान का आंकलन करना मुश्किल हो जाता। आगजनी की सूचना मिलते ही महम पुलिस भी मौके पर पहुंची। पूर्व राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा समेत शहर के कई जनप्रतिनिधि भी वहां पहुंचे।

### छह महीने पहले मांगे थे 2.73 करोड़ अब तक नहीं मिले

# योग दिवस से पहले राजीव गांधी खेल परिसर की बदहाली ने बढ़ाई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

हरिभूमि सरोकार

21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम रोहतक के राजीव गांधी खेल परिसर में आयोजित होना है। प्रशासन गांव-गांव योग पहुंचाने की तैयारी में जुटा है, लेकिन जिस खेल परिसर से जिले को योग का संदेश जाना है, उसी परिसर की सफाई, रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था संसाधनों के अभाव से जूझ रही है। स्थिति यह है कि उपायुक्त सचिन गुप्ता द्वारा करीब छह महीने पहले सरकार को भेजी गई 2.73 करोड़ रुपये की मांग आज तक मंजूर नहीं हुई है। खेल परिसर के संचालन और रखरखाव के लिए कुल 62 कर्मचारियों को दो वर्ष के लिए आउटसोर्स आधार पर नियुक्त किया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए प्रशासन ने 2 करोड़ 73 लाख 33 हजार 114 रुपये का बजट मांगा था। इनमें 31 माली-कम-ग्राउंडमैन, 19 सफाई कर्मचारी, 5 चौकीदार, 4 गेटमैन, 1 इलेक्ट्रिशियन, 1 इलेक्ट्रिशियन हेल्पर और 1 प्लम्बर शामिल हैं। ये सभी पद खेल परिसर की दैनिक व्यवस्था के लिए जरूरी माने गए हैं।

सबसे महत्वपूर्ण तथ्य यह है कि यह केवल सामान्य पत्राचार का मामला नहीं है। उपायुक्त ने इस संबंध में सरकार को बाकायदा डीओ (डेमी ऑफिशियल) पत्र लिखकर धनराशि उपलब्ध करवाने का आग्रह किया था। आमतौर पर डीओ पत्रों को प्रशासनिक प्राथमिकता का विषय माना जाता है, लेकिन इसके बावजूद अब तक राशि जारी नहीं की गई है।



बास्केटबॉल कोर्ट के खस्ता हाल।

### संसाधनों का गहराता संकट

राष्ट्रीय और जिला स्तरीय आयोजनों का केंद्र राजीव गांधी खेल परिसर केवल एक खेल मैदान नहीं है। जिले के बड़े सरकारी और खेल आयोजनों का यह प्रमुख केंद्र है। स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे राज्य स्तरीय महत्व के कार्यक्रम यहीं आयोजित किए जाते हैं। हर वर्ष राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताएं भी इसी परिसर में होती हैं। अब 21 जून को हजारों लोगों की भागीदारी वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम की मेजबानी भी इसी परिसर को करनी है। ऐसे में सवाल उठना स्वाभाविक है कि जब मैदानों की देखभाल, पार्कों की घास कटाई, सफाई व्यवस्था, विद्युत रखरखाव और सुरक्षा के लिए पर्याप्त स्टाफ ही उपलब्ध नहीं होगा तो परिसर की व्यवस्था किस तरह बेहतर बनाई जाएगी।

### कर्मचारियों के बिना कैसे होगा रखरखाव

खेल परिसर का क्षेत्रफल बड़ा है और यहां नियमित रूप से खिलाड़ियों का आवागमन रहता है। मैदानों की घास की कटाई, पौधों की देखभाल, ट्रैक और अन्य खेल सुविधाओं का रखरखाव, सफाई, बिजली और प्लंबिंग संबंधी कार्य निरंतर मानव संसाधन की मांग करते हैं। प्रशासन का मानना है कि प्रस्तावित 62 कर्मचारियों की नियुक्ति के बिना परिसर का समुचित संचालन संभव नहीं है। सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल एक तरफ सरकार योग, खेल और फिटनेस को बढ़ावा देने के लिए बड़े-बड़े अभियान चला रही है। दूसरी तरफ जिले के सबसे बड़े खेल परिसर के रखरखाव के लिए मांगी गई अपेक्षाकृत मामूली राशि महीनों से लंबित है। इससे सरकारी दावों और जमीनी हकीकत के बीच का अंतर भी सामने आता है।

### खेल परिसर की जरूरतों पर सरकार कब लेगी फैसला

योग दिवस, स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस और राष्ट्रीय खेल आयोजनों की मेजबानी करने वाले इस परिसर के लिए यदि समय पर संसाधन उपलब्ध नहीं कराए जाते, तो इसका असर केवल व्यवस्थाओं पर ही नहीं बल्कि सरकार की प्राथमिकताओं पर भी सवाल खड़े करेगा। अब नजर इस बात पर है कि 21 जून से पहले सरकार खेल परिसर की जरूरतों को गंभीरता से लेती है या नहीं।

## दीवार तोड़कर किराना दुकान में चोरी

**रोहतक।** चोरों ने गांव लाहली में एक किराना दुकान को निशाना बनाते हुए पीछे की दीवार तोड़कर हजारों रुपये की नकदी और एक लाख रुपये से अधिक का सामान चोरी कर लिया। घटना का पता अगले दिन सुबह दुकान खुलने पर चला। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में गांव लाहली निवासी दुकानदार सोनू ने बताया कि उसकी अंबेडकर प्रतिमा के पास परचून की दुकान है। रोजाना की तरह वह रात करीब 9:30 बजे दुकान बंद कर अपने घर चला गया था। अगले दिन सुबह करीब 7 बजे जब वह दुकान पर पहुंचा तो दुकान का शटर बंद मिला। सोनू ने बताया कि शटर उठाकर अंदर गया तो दुकान का सारा सामान बिखरा हुआ पड़ा था।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## नेकीराम में एमएससी जूलॉजी शुरू करने के लिए एमडीयू की टीम ने परखी सुविधाएं

**रोहतक।** पंडित नेकी राम शर्मा राजकीय महाविद्यालय रोहतक में एमएससी जूलॉजी प्रथम वर्ष कक्षा शुरू करने की संभावनाओं को लेकर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय की निरीक्षण समिति ने कॉलेज का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान समिति ने विभाग में उपलब्ध शैक्षणिक संसाधनों, प्रयोगशालाओं और अन्य आवश्यक सुविधाओं का विस्तृत अवलोकन किया। समिति में एमडीयू के जूलॉजी विभाग की डॉ. मीनाक्षी शर्मा, डॉ. विनय मलिक और डॉ. सुदेश रानी शामिल रहे। टीम ने विभाग में उपलब्ध उपकरणों, प्रायोगिक कार्यों के लिए आवश्यक संसाधनों तथा विद्यार्थियों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र सांगवान ने समिति सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि महाविद्यालय लगातार नए शैक्षणिक पाठ्यक्रम शुरू करने की दिशा में कार्य कर रहा है। एमएससी जूलॉजी शुरू होने से जिले और आसपास के क्षेत्रों के विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर शिक्षा के लिए बेहतर अवसर मिलेंगे। जूलॉजी विभागाध्यक्ष श्रीमती सुनीता बिरवाल ने विभाग की गतिविधियों, उपलब्धियों और भविष्य की योजनाओं से समिति को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि विभाग में विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षण एवं प्रयोगात्मक सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।



**रोहतक।** हेल्प डेस्क लगाकर विद्यार्थियों को जानकारी देते प्रोफेसर।

## गौड़ ब्राह्मण कॉलेज में दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया जारी

**रोहतक।** गौड़ ब्राह्मण डिग्री कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए स्नातक कक्षाओं की दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक विद्यार्थी उच्चतर शिक्षा विभाग, हरियाणा की वेबसाइट पर 15 जून तक आवेदन कर सकते हैं। विद्यार्थियों व अभिभावकों की सहायता के लिए कॉलेज परिसर में एक विशेष हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है, जहाँ सुबह 10 से शाम 4 बजे तक निःशुल्क सहायता व फॉर्म भरने की सुविधा दी जा रही है। प्रवेश नोडल अधिकारी डॉ. तरुण वत्स ने बताया कि कॉलेज में बीए एडेड की 480, बी.ए. सेल्फ फाइनेंस की 240, बी.कॉम की 160, बी.सी.ए. की 120 तथा बी.एससी. की 120 सीटों पर दाखिले उपलब्ध हैं। प्राचार्य डॉ. जय पाल शर्मा ने विद्यार्थियों से अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते आवेदन करने की अपील की है।

## एमडीयू का समाजशास्त्र विभाग खोल रहा सुनहरे करियर के नए द्वार, एडमिशन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बदलते सामाजिक परिदृश्य और नीति निर्माण में बढ़ती भागीदारी के बीच महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) के समाजशास्त्र विभाग में संचालित एमए (समाजशास्त्र) पाठ्यक्रम युवाओं के लिए करियर के नए द्वार खोल रहा है। विश्वविद्यालय में सत्र 2026-27 के लिए एमए समाजशास्त्र में दाखिले जारी हैं। इच्छुक विद्यार्थी 10 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

निदेशक जनसम्पर्क सुनित मुखर्जी ने बताया कि एमडीयू का एमए (समाजशास्त्र) दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को सामाजिक सिद्धांत, रिसर्च मेथडोलॉजी, जेंडर स्टडीज, ग्रामीण एवं शहरी समाजशास्त्र, सामाजिक परिवर्तन और पब्लिक पॉलिसी जैसे विषयों की गहन समझ प्रदान करता है।

### निजी क्षेत्र में भी समाजशास्त्र के विद्यार्थियों की बढ़ रही मांग

रिसर्च और पॉलिसी मेकिंग में रुचि रखने वाले विद्यार्थियों के लिए आईसीएसएसआर, यूजीसी और विभिन्न सरकारी शोध संस्थानों में शोधकर्ता एवं सामाजिक वैज्ञानिक के रूप में काम करने के अवसर मौजूद हैं। निजी क्षेत्र में भी समाजशास्त्र के विद्यार्थियों की मांग बढ़ रही है। कॉरपोरेट कंपनियों में कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर), ह्यूमन रिसोर्स, डेटा रिसर्च और सामाजिक विश्लेषण से जुड़े पदों पर रोजगार के अवसर उपलब्ध हैं। गैर-सरकारी संगठनों (एनजीओ), अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं जैसे संयुक्त राष्ट्र (यूएन), यूनिसेफ तथा सामाजिक विकास परियोजनाओं में भी समाजशास्त्र के विद्यार्थियों के लिए बेहतर संभावनाएं हैं। सामाजिक पत्रकारिता और पॉलिसी कम्युनिकेशन के क्षेत्र में भी यह कोर्स उपयोगी साबित हो सकता है।

## एमडीयू में परीक्षा व्यवस्था का लिया जायजा, परीक्षा केंद्र पर व्यवस्था जांची



**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के परीक्षा नियंत्रक प्रो. राहुल ऋषि एवं चीफ कंसलटेंट एग्जामिनेशन प्रो. महाबीर धनखड़ ने शुक्रवार को गणित विभाग में संचालित यूजी/पीजी परीक्षाओं की व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्र पर व्यवस्था, अनुशासन एवं गोपनीयता संबंधी प्रबंधों का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान प्रो. राहुल ऋषि ने परीक्षा प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित करने पर जोर देते हुए संबंधित स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर परीक्षा वातावरण उपलब्ध कराना विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। प्रो. महाबीर धनखड़ ने भी परीक्षा व्यवस्था की जानकारी ली तथा परीक्षा की गोपनीयता एवं सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### भौतिकी विभाग में 60 सीटों पर प्रवेश, 10 जून तक करें आवेदन

# एमएससी फिजिक्स: युवाओं को मिलेंगे रोजगार के मौके

- रिसर्च संस्थानों, रक्षा अनुसंधान, अंतरिक्ष विज्ञान में करियर के अवसर प्रदान करता है एमडीयू का फिजिक्स विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

स्टूडेंट गाइड

विज्ञान के क्षेत्र में करियर बनाने का सपना देख रहे युवाओं के लिए महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय (एमडीयू) का भौतिकी विभाग एमएससी फिजिक्स (एनईपी) पाठ्यक्रम करियर के अपार अवसर देता है। दो वर्षीय यह पाठ्यक्रम विद्यार्थियों को आधुनिक विज्ञान, शोध और तकनीकी क्षेत्रों में मजबूत आधार प्रदान करेगा। विभाग में 60 सीटों पर प्रवेश के लिए एंट्रेंस एग्जाम के माध्यम से दाखिले होंगे, ऑनलाइन आवेदन 10 जून तक कर सकते हैं।

विभागाध्यक्ष प्रो. ए.एस. मान ने बताया कि एमडीयू के भौतिकी विभाग द्वारा संचालित यह कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अनुरूप तैयार किया गया है। पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों को थ्योरी के साथ प्रयोगशाला आधारित प्रशिक्षण, प्रैक्टिकल ओरिएंटेशन और रिसर्च स्किल्स विकसित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा। विभाग का दावा है कि यह कोर्स केवल शैक्षणिक पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों को शोध, उच्च शिक्षा और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए भी तैयार करता है।

### रिसर्च और इंटर्नशिप के मिलेंगे बेहतर अवसर

प्रो मान ने बताया कि करियर की दृष्टि से यह कोर्स काफी उपयोगी है। विद्यार्थी सीएसआईआर-नेट (जेआरएफ), जेईएसटी, गेट, डीआरडीओ और बार्क जैसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं की तैयारी कर सकते हैं। इसके अलावा रिसर्च संस्थानों, रक्षा अनुसंधान, अंतरिक्ष विज्ञान, शिक्षण और इंडस्ट्री आधारित वैज्ञानिक क्षेत्रों में भी रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। विभाग में राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों तथा उद्योगों के साथ सहयोग पर भी जोर दिया गया है, जिससे विद्यार्थियों को रिसर्च और इंटर्नशिप के बेहतर अवसर मिल सकें।